आकाशवाणी शिमला

23.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार चिट्टा मुक्त हिमाचल के संकल्प को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में कहा कि सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से इस चुनौती का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार जहां अपराधियों पर कानूनी शिकंजा कस रही है वहीं नशे से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए भी कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार के चिट्टा मुक्त अभियान के साथ अभी तक राज्य में दो लाख 34 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। ये लोग सरकार की आंख व कान बनकर नशे के कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस तक पहुंचा रहे हैं। इससे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो पा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने चिट्टे का सेवन करने वालों और नशा तस्करों की पहचान सुनिचित बनाई है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार के जनविरोधी फैसलों के कारण हिमाचल देश का सबसे महंगा राज्य बन गया है। कर्ण नंदा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि कांग्रेस 3 सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने के वायदे पर सत्ता में आई थी लेकिन अब पहले से मिल रही एक सौ 25 यूनिट मुफ्त बिजली को बंद कर दिया गया है। यही नहीं बिजली के दाम लगभग साढ़े 5 रुपये प्रति यूनिट वसूले जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से इस बढ़ौतरी को तुरंत वापिस लेने की मांग की। कर्ण नंदा ने प्रदेश सरकार पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में कई लोक–लुभावन निर्णय लेकर पंचायत चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास किया है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस संबंध में तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

प्रशिक्षण

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के 26 मई को होने वाले पहले चरण के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पहले चरण के चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां कल 24 मई को अपने–अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। इन सभी पोलिंग पार्टियों को आज राज्य में अलग–अलग स्थानों पर तीसरे व अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन में खंड विकास अधिकारी अंजली गर्ग ने कहा कि इस ब्लॉक में पहले चरण में 10 पंचायतों में चुनाव होगा। प्रदेश में तीन चरणों में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव आयोग ने पूरे प्रदेश में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। चुनाव ड्यूटी में करीब 35 हजार कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस बल की भी पर्याप्त तैनाती की गई है।

ईंधन कीमत वृद्धि

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज 91 पैसे प्रति लीटर तक की वृद्धि हुई है। पिछले 10 दिन में तेल के मूल्यों में तीसरी बार वृद्धि हुई है। यह वृद्धि ईरान संघर्ष और होर्मुज में व्यवधान के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आएं उछाल के बीच हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देश में पेट्रोल और डीज़ल की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। इस बीच पैट्रोल व डीजल के दामों में हो रही बढ़ौतरी से आम लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। लोगों का कहना है कि बढ़ती कीमतों ने उनका बजट बिगाड़ दिया है।

मौसम

प्रदेशवासियों को एक बार फिर जोरदार गर्मी का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग ने 26 व 27 मई को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन और सिरमौर सहित राज्य के 6 ज़िलों के अलग–अलग स्थानों पर हीट–वेव चलने का येलो अर्लट जारी किया है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों के अनुसार 25 मई तक राज्य के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलती रहेगी। विभाग ने इस दौरान प्रदेश के शिमला सहित मध्यम व ऊंचाई वाले अलग–अलग स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना जताई है। इस बीच बीते रोज राज्य के अधिकांश स्थानों पर हुई वर्षा और अधिक ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर बर्फबारी से प्रदेशवासियों को चिलचिलाती गर्मी से हल्की राहत मिली है। आज भी राज्य के अनेक हिस्सों में दोपहर बाद से हल्के बादल छाए हुए हैं।

—————————